Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding continous interruption in services of BSNL and need to restore it.

डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी): अध्यक्ष महोदय, मैं सबसे पहले आपका आभार व्यक्त करती हूं कि आपने नए मेम्बर्स को बोलने के लिए अच्छा मौका दिया है । बीएसएनएल अपनी फाइनैंशियल क्राइसिस की वजह से इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड का बिल नहीं भर पा रही है । इस वजह से इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड उनका बिजली का कनेक्शन काट रही है । इसके कारण चाहे मेरा नासिक जिला हो या दिन्डोरी लोक सभा क्षेत्र हो, वहां के ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट सेवा बंद हो गई है ।

महोदय, इससे लोगों को काफी असुविधा हो रही है और एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में भी प्रॉब्लम हो रही है । इससे बैंकिंग व्यवहार रूका हुआ है, किसानों को भी दिक्कत आ रही है और क्षेत्र के लोगों को भी काफी नुकसान हो रहा है ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे नासिक जिले तथा दिन्डोरी लोक सभा क्षेत्र में, जहां बीएसएनएल की सेवा बंद है, वह शुरू की जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: श्री नारणभाई काछड़िया को डॉ. भारती प्रवीण पवार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): महोदय, पूरे देश में बीएसएनएल की कठिनाई है । आज बिजली का कनेक्शन कट गया है, डीजल के लिए पैसा नहीं है और उनको मानदेय नहीं मिला है । मैं समझता हूं कि इससे पूरा सदन सहमत होगा । बीएसएनएल हमारी लाइफ लाइन है, जैसे हमारा एयर इंडिया तथा रेलवे है ।